झारखंड के मुख्यमंत्री ने पलामू पाइपलाइन परियोजना की नींव रखी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **झारखंड के मुख्यमंत्री ने 456.52 करोड़ रुपए की पलामू पाइपलाइन सिंचाई परियोजना की आधारशिला रखी,** जिसका लक्ष्य पूरे वर्ष सिंचाई जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

मुख्य बिंदु:

- सूत्रों के अनुसार, **इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र की नदियों और सूखा प्रभावित पलामू ज़िले के विभिन्न ब्लॉकों में छोटे बांधों को पाइपलाइनों के माध्यम से जोड़ना है** ताकि सभी मौसमों में जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।
    - यह परियोजना पलामू ज़िले के चैनपुर और मेदिनीनगर, सतबरवा, बिश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर तथा मोहम्मदगंज ब्लॉक को शामिल करेगी।
- **इस परियोजना से जुड़ने वाले प्रमुख जल निकायों में** रानीताल बांध, टेमरेन बांध, बुटांडुबा बांध, मलय बांध, पोस्तिया बांध, पनघटवा बांध, कचरवाटांड बांध, कुंडलवा बांध, वहीवधवा बांध, बतरे बांध, धनकई बांध, ताली बांध, सुखनदिया बांध और करमकलां बांध शामिल हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jharkhand-cm-lays-foundation-to-palamu-pipeline-project